लगी होगी मेरे हाथ हथकड़ी श्याम भजन लिरिक्स

लगी होगी मेरे हाथ हथकड़ी,
पड़ी होगी मुझ पर जो मुश्किल बड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

मेरा मुकदमा जब भी बाबा,
तेरी अदालत आएगा,
वकील मुझको खींचते होंगे,
तू वहां बैठा पायेगा,
हाथों में लेना अपनी मोरछड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

श्याम बहादुर आलू सिंह जी,
बाबा दर के मुंशी होंगे,
सोहन लाल लुहाकर जैसे,
बाबा तुझको पर्दा देंगे,
लाएगी बनाकर बाबा कर्मा खिचड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

मेरे गुनाहों की गठरी मेरे,
बाबा ज्यादा भारी है,
कलयुग का अवतार है तू तो,
मेरा एक हितकारी है,
आकर के देख बहती आँखों से झड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

छोटी से अर्ज़ी मुजरिम की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा ज़रा निभा लेना,
हर ग्यारस पर शीश के दानी,
मुझ मुजरिम को बुला लेना,
वहां भजन 'पागल' भी गाये,
कर बहन को संग खड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

लगी होगी मेरे हाथ हथकड़ी,
पड़ी होगी मुझ पर जो मुश्किल बड़ी,
मेरे जज बन जाना श्याम तुम आ जाना,
आजा रे आजा रे सरकार,
होकर लीले पे सवार।bd।

Singer – Sonia Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com